# तेरा नाम लेके लाड़ली | By Brij Rasik Maharani Sakhi

तेरा नाम लेके लाड़ली जीवन संवर गया है
मुझ जैसे खोटे सिक्के को डॉलर बना दिया है
तेरा नाम लेके लाड़ली ........

जबसे लिया है आसरा मैंने राधा नाम का
तबसे मिला है वास मुझे बरसाना धाम का
बरसाना धाम का.........
तेरी कृपा का हर पल मैंने एहसास कर लिया है
तेरा नाम लेके लाड़ली जीवन संवर गया है

जितना भटकना था हमें उतना भटक लिए हैं
जीना तेरे ही नाम पर मरना तेरे लिए है
मरना तेरे लिए है...........
अब तो तेरे ही चरणों में सर अपना रख दिया है
तेरा नाम लेके लाड़ली जीवन संवर गया है

विनती है इतनी आपसे छूटे नहीं ये दर
तेरी गोद में सदा को सो जाऊं रख के सर
सो जाऊं रख के सर.........
महारानी तेरी कृपा का पल पल शुक्रिया है
तेरा नाम लेके लाड़ली जीवन संवर गया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-brij-rasik-maharani-sakhi/